## संक्षिप्त

### एटीएस ने दो आरोपी पकड़े

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान एटीएस ने कोटा में बडी कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम जारी करने वाले गिरोह के खिलाफ शिकंजा कसा है। टीम ने कोटा से फर्जी सिम जारी करने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के द्वारा ग्राहकों की आईडी से अन्य सिमें बिना ग्राहक की जानकारी के बेची गई थी। कोटा से जारी फर्जी सिमों का मॉडम बॉक्स में काम मे लिया जा रहा था। एटीएस की टीम ने आकाश शर्मा निवासी हनुमान बस्ती दादाबाडी, रवि प्रकाश निवासी बैरवा बस्ती को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 23 फरवरी को विनय जैन, महेंद्र व हेमराज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कार्यकारिणी का गठन

**बूंदी, (निसं)।** भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अंकुर गौतम ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए पार्षद नवीन सिंह चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है । कार्यकारिणी में आशीष सैनी, मोनिल सोनी, अभय चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश राठौर को महामंत्री, सुशील शुक्ला, अंकित सैन, शांतनु वशिष्ठ,रवि डागर, परीश गोयल, जय सिंह को शहर मंत्री, मयंक जेन कोषाध्यक्ष, रवि गौतम व आशीष खंगार को सोशल मीडिया प्रभारी, कपिल शर्मा को कार्यालय प्रभारी, किट्टू सैनी को शहर प्रवक्ता, भरत शर्मा, राहुल सैन आदि को कार्याकारिणी सदस्य बनाया। सदस्यों का युवा मोर्चा महामंत्री संदीप यादव सहित अन्य ने बधाई दी।

### अहमद खान को निष्कासित किया

**रामगंजमंडी, (निसं)।** शहर में वकीलों की राज्यव्यापी हडताल के दौरान न्यायालय में कार्य करने एवं अभिभाषक परिषद् के अध्यक्ष से अभद्रता करने तथा परिषद् के सदस्यों के लिए अमर्यादित टिप्पणी करने पर अभिभाषक परिषद् रामगंजमंडी के पूर्व सचिव एडवोकेट शाहनवाज अहमद खान को अनुशासनहीनता के कारण अभिभाषक परिषद् रामगंजमंडी की सदस्यता से निष्कासित किया गया।

### डॉ. खानू खान झालावाड़ दौरे पर

**झालावाड, (निसं)।** राजस्थान वक्फ बोर्ड के चैयरमेन (राज्यमंत्री) डॉ. खानू खान बुधवाली 18 व 19 मार्च को वक्फ सम्पत्तियों के निरीक्षण के लिए झालावाड जिले के दौरे पर रहेंगे। डॉ. बुधवाली 18 मार्च को दोपहर 1 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सायं 5.30 बजे दरगाह मिट्ठे महाबली गागरोन पहुंचकर निरीक्षण करेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस झालावाड़ में करेंगे। वहीं 19 मार्च को सर्किट हाउस में प्रातः जनसुनवाई व चर्चा करेंगे। तत्पश्चात् प्रातः 10.30 बजे झालावाड से प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे भवानीमण्डी में वक्फ जायदादों का निरीक्षण एवं दोपहर 1.30 बजे पिड़ावा पहुंचकर वक्फ सम्पत्तियों का निरीक्षण करेंगे। वे दोपहर 3 बजे पिड़ावा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### निजी चिकित्सालय रहे बंद

**बूंदी, (निसं)।** राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में आज फिर शहर के निजी चिकित्सालय बंद रहे। निजी चिकित्सालयों में चिकित्सकों ने इस बिल के विरोध में अपने कार्य अस्पताल बंद रख विरोध जताया।

# महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और आगे भी रहेंगे : कलेक्टर

**झालावाड, (निसं)।** शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को मिनी सचिवालय के ऑडिटोरियम में हुआ।





शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का समापन मिनी सचिवालय के ऑडिटोरियम में हुआ।

■ जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का समापन

शिविर के समापन के अवसर पर शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा ने कहा कि आगामी पीढी के जहन में महात्मा गांधी की शिक्षाओं को आत्मसात करने की दूरगामी सोच के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शांति एवं अहिंसा विभाग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता के तौर पर सबसे पहले सुभाष चन्द्र बोस द्वारा सम्बोधित किया गया था और पूरे राष्ट्र ने उन्हें राष्ट्रपिता के रूप में स्वीकार किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श उस समय ही नहीं आज भी प्रासंगिक हैं और आगे भी रहेंगे। उनकी सत्य व अहिंसा आदि शिक्षाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इसीलिए गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविरों का हर स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के आदर्शो को सुनकर, समझकर एवं अपनाकर और यह सोचकर ही जीवन में निर्णय लेने चाहिए कि उनका समाज के सबसे अशक्त व्यक्ति पर क्या प्रभाव पडेगा। बीसूका जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गुर्जर ने महात्मा गांधी द्वारा देश को आजादी दिलाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए दांडी मार्च के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की जिला संयोजिका मीनाक्षी चन्द्रावत ने कहा कि गांधी जी ने कहा था कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। उन्होंने कहा था कि अनुशासन से प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफल हो सकता है। सत्य ही ईश्वर है और अहिंसा उसको पाने का रास्ता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना फर्ज निभाया और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर देश की उन्नित के लिए कार्य कर अपना फर्ज निभाना चाहिए।

शिविर के समापन समारोह में राजकीय पी.जी. कॉलेज के आचार्य डॉ. प्रणव देव, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता गोपाल कृष्ण दुबे, राजकीय कन्या महाविद्यालय के आचार्य अजय कुमार मीणा एवं प्रशिक्षक रूपेन्द्र सिंह कटारिया ने गांधी दर्शन पर आधारित व्याख्यान दिया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक गौरीशंकर मीना ने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं बालिका भावी शर्मा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# किसान महापंचायत को लेकर जनसंपर्क

**छीपाबडोद, (निसं)।** 23 मार्च को छबडा में होने वाली किसान महापंचायत की तैय्यारियों को लेकर किसान क्रांतिकारी व सहकारी समिति अजनावर के अध्यक्ष मनोज जारवाल का जनसंपर्क लगातार जारी है।

किसान क्रांतिकारी धर्मा धाकड़ के नेतृत्व में पिछले 4 माह से लगातार चल रहे छबड़ा किसान आंदोलन को मजबूत करने के लिए जारवाल निरंतर प्रयासरत हैं जारवाल ने बताया कि छबडा में किसानों का जमावडा पिछले 4 माह से लगातार चल रहा है।लेकिन अभी किसान भाईयों के फसल कटाई चलने से किसान अपने कृषि कार्य में व्यस्त थे आने वाली 23 मार्च को एक बार फिर खैल मैदान छबडा में किसानों की जाजम लगेगी तथा सरकार द्वारा किसानों को फसल खराबे का बीमा क्लेम नहीं दिया गया तो किसान बहुत ही जल्दी आंदोलन को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रहे हैं। बहुत जल्द ही किसान करो या मरो की स्थिति में आ जाएगा जिसकी जिम्मेदारी इस छबड़ा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अंधी गूंगी और बहरी सरकार की होगी। जनसंपर्क के दौरान हंसराज मीणा, शिव यादव, गोलू मीना, सोनू सेन, शैलेन्द्र भगवानपुरा, रिंकू यादव आदि मोजूद रहे।

## भव्य कलश यात्रा आज

बूंदी, (निसं)। अखिल भारतीय श्री मीणा समाज विकास समिति जिला बूंदी के 21वें वार्षिक उत्सव एवं श्री मत्स्य भगवान जयंती महोत्सव पर बूंदी शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा छरकवाडा ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे आजाद पार्क में समाज बंधु एकत्रित होंगे। उसके बाद परमआदर्श आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी जगदीशपुरीजी महाराज शकरगढ़ की मौजूदगी में गीता भवन से विधिवत पूजा अर्चना के बाद 11 बजे कलश यात्रा शुरू होगी। कलश यात्रा के साथ समाज की कार्यकारिणी एवं समाज बंधु मौजूद रहेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/128आर/2022-23, **दिनांक:** 14.03.2023. **कार्य का नाम:** कोटा मंडल-कोटा में मंडल रेलवे अस्पताल और नागदा-मथुरा सेक्शन में स्टाफ क्वार्टरों की रिवायरिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 89,40,224.15/- **बयाना राशि:** ₹ 1,78,800/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 11.04.2023 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे. ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

**वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे, कोटा**

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!



डग राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में शनिवार को कक्षा 8 का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार जैन ने की। इस अवसर पर प्रअ द्वारा सभी बच्चों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश की जानकारी दी गई। कक्षा 8 के विधार्थियों की ओर से स्कूल में लेक्चर स्टैंड के लिए राशि भेंट की गई। इस अवसर पर महेश ओला, छिगन लाल, रमेश चंद मेहर, शत्रूधन, राजा, श्याम लाल मेहर, मांगीलाल भील, बनवारी लाल, कपिला शर्मा, अध्यक्ष रोड सिंह छात्र अध्यापक शंकर लाल व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्लॉक के विद्यालयों में हो रहे आयोजन

**छीपाबडोद, (निसं)।** राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा बारां की प्रशासनिक एवं वित्तीय सिक्योरिटी अनुसार मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक के 35 प्रारंभिक विद्यालयों में और 36 माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में नुक्कड नाटक फिल्म प्रदर्शन बालिकाओं की प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर पर वालंटियर बैठक रैली आयोजित की जा रही है।

संदर्भ व्यक्ति सूर्य प्रकाश शर्मा के अनुसार ब्लॉक के विद्यालयों में कुमार गंधर्व कला संस्थान छीपाबडोद के कलाकारों के द्वारा ब्लॉक के निर्देशन में एवं स्कूल स्तर पर जाकर नुक्कड़ नाटक,फ़िल्म प्रदर्शन प्रतियोगिताएं बैठक रैली आदि का आयोजन कलाकार विद्यालय के सहयोग से कर रहे हैं।कुमार गंधर्व कला संस्थान के अनुसार ब्लॉक में यह कार्यक्रम 3 मार्च से शुरू हो चुका है अब तक की रिपोर्ट के अनुसार ब्लॉक के छीपाबडोद गोरधनपुरा देवरीजोध, खेडलाजागीर पीपलहेडा, काल्पा जागीर, सारथल, कलमोदिया हरनावदाशाहजी, बंजारी, कुम्भाखेडी, दीगोद खालसा, पछाड, गगचाना, बमोरी घाटा, टाँचा, अजनावर, ढोलम आदि विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके है। शेष बचे विद्यालयों में आगामी दिनों प्रतियोगिताऐ आयोजित की जावेगी। पीईईओ, विद्यालयों के बाद ब्लॉक स्तरीय आयोजन होगा।

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2023/1927 दिनांक: 17.3.23

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मेहरुनिशा पत्नी स्व. श्री अब्दुल शकूर, श्री रहीम खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल शकूर, श्री अब्दुल सलीम खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल शकूर एवं श्रीमती सुरैय्या खान पत्नी श्री अब्दुल अजीज पुत्री स्व. श्री अब्दुल शकूर निवासी भूखंड संख्या 864 शास्त्रीनगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 8-ए-8 महावीर नगर तृतीय कोटा क्षेत्रफल 160 वर्ग मीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या 8-ए-8 महावीर नगर तृतीय कोटा का नियमितिकरण राजस्थान आवासन मंडल कोटा वृत्त कोटा द्वारा नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2528 दिनांक 28.08.1999 से श्री अब्दुल शकूर पुत्र श्री अब्दुल समद के नाम किया गया। श्री अब्दुल शकूर का देहावसान दिनांक 20.01.2022 को हो जाने के उपरांत श्री अब्दुल शकूर के विधिक वारिसान श्रीमती मेहरुनिशा पत्नी स्व. श्री अब्दुल शकूर, श्री रहीम खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल शकूर, श्री अब्दुल सलीम खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल शकूर एवं श्रीमती सुरैय्या खान पत्नी श्री अब्दुल अजीज पुत्री स्व. श्री अब्दुल शकूर द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त आवास के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त आवास से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

## वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह

**बूंदी, ( निसं)।** बोरदा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यापक अनवार अहमद शेख ने बताया कि बच्चों को पारितोषिक और राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश शर्मा ने दिए। सभी अध्यापकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एसएमसी सदस्य महावीर गुर्जर, धन्ना लाल जांगिड, अध्यापक उमेश श्रृंगी, सलमान बानो, आशिष शर्मा, मंयक कसेरा, मनीष चौधरी, विजय, सीताराम आदि मोजूद रहे।

# महर्षि गौतम जयंती महोत्सव के तहत होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बूंदी, (निसं)।** अखिल भारतीय गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज की ओर से 22 मार्च को मनाए जाने वाली महर्षि गौतम जयंती के तहत रविवार को शाम 7 बजे से गौतम छात्रावास में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जयंती महोत्सव सह संयोजक मनीष शर्मा एडवोकेट, शिवांशु गौतम, कार्तिकेय शर्मा, राजेश शर्मा, उमाशंकर गौतम, रौनक शर्मा, राजकुमार पंचोली ने बताया कि आज शाम 7 बजे बालचंद पाड़ा गौतम भवन में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संगीतमय सुंदरकांड होगा। इसी तरह रविवार को शाम 7 बजे से गौतम छात्रावास में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, विचित्र वेशभूषा सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी साथ ही महर्षि गौतम, माता अहिल्या बनो प्रतियोगिता, 20 को सुबह 9 बजे अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे, इसी दिन शाम 6 बजे माधोकी पेडिया जेतसागर में दीपदान किया जाएगा। 22 मार्च को जयंती महोत्सव के दिन सुबह महर्षि गौतम की पूजा अर्चना, दोपहर 2 बजे बालचंद पाड़ा गौतम भवन से विशाल शोभायात्रा शुरू होगी जो उपरला बाजार, कागदी देवरा होते हुए सत्यनारायण भवन पहुचेगी जहा महर्षि गौतम की आरती होगी। यहां से शोभायात्रा कागदी देवरा, मोची बाजार, चौमुखा, चौगान गेट, सब्जी मंडी रोड, के एन सिंह चौराहा, लंका गेट, अंबेडकर सर्किल, धान मंडी रोड होते हुए महर्षि गौतम छात्रावास पहुंचेगी जहांमहाआरती के बाद सामूहिक प्रसादी होगी।जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समाज बंधुओ को जयंती का फोल्डर देकर शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध कर रहे है। नगर अध्यक्ष अमित गौतम ने जयंती महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर भव्यता दे का अनुरोध किया है। नगर अध्यक्ष ने सभी समाज बंधुओ से महोत्सव के तहत निकलने वाली शोभायात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही है।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति ( वि. श्रे. ) रामगंजमंडी जिला कोटा ( राजस्थान )**

क्रमांक:-2275-86 दिनांक:-17.3.23

**ई-निविदा सूचना संख्या 11/2022-23**

UBN-DAM2223SSOB01098

कृषि उपज मण्डी समिति रामगंजमंडी में कम्प्यूटर ऑपरेटर (मेन विद मशीन) ई-नाम परियोजना एवं कार्यालय कार्य के लिए उच्च कुशल मानव संसाधन आपूर्ति हेतु दर अनुबंध पर सेवा उपलब्ध कराने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) ई-प्रोक्यूरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से दिनांक 28.03.2023 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

प्रशासक, कृषि उपज मंडी समिति, रामगंजमंडी — सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, रामगंजमंडी

# माहेश्वरी पंचायत संस्थान की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**बूंदी, (निसं)।** श्री माहेश्वरी पंचायत संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक जैतसागर रोड स्थित माहेश्वरी भवन में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंचायत अध्यक्ष भगवान बिरला जिलाध्यक्ष चन्द्रभानु लाठी ने भगवान महेश की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलन कर किया। सचिव सुनील जैथलिया ने बैठक में विभिन्न प्रस्ताव रखे जिन्हें कार्यकारिणी सदस्यो ने सहमति प्रदान की, जिनमें मांगलिक कार्यक्रमो में होने वाले सहभोज में बनने वाले व्यंजनों की अधिकतम संख्या 18 तय करने का प्रस्ताव व महासभा द्वारा अनुमोदित प्री वेडिंग पर पूर्णतया प्रतिबन्ध का निर्णय कार्यकारिणी ने समाज की आमसभा में रखने का निर्णय लिया है। महेश वाटिका के विस्तार व निर्माण सम्बन्धी कार्यों के लिए महावीर तोतला को प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाया गया है। चूड़ी बाजार स्थित माहेश्वरी भवन का नवीनीकरण का निर्यण भी लिया गया। आगामी महेश नवमी महोत्सव भव्यतापूर्ण मनाने का भी निर्णय लिया। घनश्याम नकलक, मनीष मंत्री, प्रेम नुवाल, नारायण मंडोवरा, सुरेश लाठी राहुल लखोटिया ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन आशुतोष बिरला ने किया। बैठक में नवनिर्वाचित समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष चन्द्रभानु लाठी, जिला मंत्री नारायण मोदी, जिलाध्यक्ष संगीता मूंदडा, सचिव शिल्पा सोमानी, शहर अध्यक्ष रचना बाहेती, सचिव चित्रा बिरला, युवा जिलाध्यक्ष नितेश नुवाल, सचिव सुरेंद्र फलोड, युवा संगठन अध्यक्ष सुमित लखोटिया, युवा मंडल अध्यक्ष नवीन लखोटिया का अध्यक्ष भगवान बिरला, सचिव सुनील जैथलिया ने दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।

## बाइक टकराई, दो युवक घायल

**छीपाबडोद, (निसं)।** छीपाबडोद के बायपास रोड पर दो मोटरसाइकिल आमने सामने टकरा गई। इसमे दो युवक घायल हो गये। मौके पर पहुंचे समाजसेवी सत्तू मीणा खेडी ओर पूर्व उपसरपंच महेन्द्र नागर ने घायलों की मदद की ओर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को चिकित्सालय मे पहुचा मेडिकल कराया। घायल मांगीलाल पुत्र गजानंद कून्डीखेडा को गंभीर होने पर बांरा रेफर किया गया। वही दूसरे घायल अध्यापक ईन्द्रलाल सहरिया का ईलाज किया।यह भावपुरा से अपने गांव जा रहे थे।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।


| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060116430801 पीरू (ऋणी), श्रीमति रामप्यारी (सह-ऋणी) | 8 फरवरी 2023 ₹ 174446/- रु. एक लाख चौहत्तर हजार चार सौ छियालीस मात्र दिनांक 6 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित सर्वे नंबर रे-039/204, नंदा बाड़ी, खेरली फाटक, जिला कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 506.25 वर्ग फीट |
| (खाता सं.) L9001061124543431 महेश सोनी (ऋणी), ओमप्रकाश (सह-ऋणी) | 8 फरवरी 2023 ₹ 149065/- रु.एक लाख उनतालीस हजार पैंसठ दिनांक 6 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित आम रास्ता वार्ड नंबर 16, जिला-कोटा, राजस्थान, 325204 क्षेत्रफल 172.44 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060117406472 महेश सोनी (ऋणी), ओमप्रकाश (सह-ऋणी) | 8 फरवरी 2023 ₹ 777290/- रु.सात लाख सत्तर-सात हजार दो सौ नब्बे दिनांक 6 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत, पट्टा संख्या 09679 मिशल संख्या 672, खसरा नंबर 1076 वार्ड नंबर 16, मस्जिद के पास, कोटा, जिला-कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 172.44 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060820007676 सोनी गारमेंट्स (ऋणी), ओम महेश सोनी (सह-ऋणी), ओम प्रकाश (सह-ऋणी) | 8 फरवरी 2023 ₹ 174844/- रु.एक लाख चौहत्तर हजार आठ सौ चौवालीस मात्र दिनांक 6 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पट्टा संख्या 09679, खसरा संख्या 1076, मिसाल संख्या 672, वार्ड संख्या 16, मस्जिद के पास सुल्तानपुर, जिला-कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 172.44 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060817008177 बालचंद मीना (ऋणी), प्रदीप (सह-ऋणी), मालती बाई (सह-ऋणी) | 13 फरवरी 2023 ₹ 695583/- रु.छह लाख पंचानवे हजार पांच सौ तिरासी मात्र दिनांक 10 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित खसरा नंबर 120, ग्राम- अस्कली ग्राम पंचायत- सहरावदा, रामगंज मंडी, जिला-कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 166.66 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001061124849992 बालचंद मीना (ऋणी), प्रदीप (सह-ऋणी), मालती बाई (सह-ऋणी) | 13 फरवरी 2023 ₹ 226473/- रु.दो लाख छब्बीस हजार चार सौ तिहत्तर मात्र दिनांक 10 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित खसरा नंबर 120 ग्राम- अस्कली ग्राम पंचायत- सहरावदा, पंचायत समिति- खेराबाद, ते.- रामगंज मंडी, जिला- कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 1750 वर्ग फीट |
| (खाता सं.) L9001060100984827 बालचंद मीना (ऋणी),श्रीमती मालती बाई (सह-ऋणी), जमानतदार : राधेश्याम कुमार | 13 फरवरी 2023 ₹ 315365/- रु.तीन लाख पन्द्रह हजार तीन सौ पैंसठ मात्र दिनांक 10 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित पट्टा संख्या 10, मिसल संख्या 10, संकल्प संख्या 21, ग्राम - असकली, तहसील - रामगंज, जिला - कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 1750 वर्ग फीट |
| (खाता सं.) L9001060118835013 महावीर प्रसाद शर्मा (ऋणी),श्रीमती ममता जी (सह-ऋणी) | 13 फरवरी 2023 ₹ 259231/- रु.दो लाख उनतालीस हजार दो सौ इकतीस मात्र दिनांक 10 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित ग्राम - कंवर, तहसील - नैनवा, जिला - बूंदी, राजस्थान क्षेत्रफल 97.55 वर्ग फीट |
| (खाता सं.) L9001060120097350 राहुल फर्नीचर (ऋणी),श्रीमती कन्या बाई (सह-ऋणी), राहुल सुथार (सह-ऋणी),भेरू लाल सुथार (सह-ऋणी), बालचंद सुथार(सह-ऋणी) | 13 फरवरी 2023 ₹ 271963/- रु.दो लाख इकहत्तर हजार नौ सौ तिरसठ मात्र दिनांक 10 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नंबर 773, ग्रामः रतलाई, ग्राम पंचायतः रतलाई, पंचायत समिति बकानी झालावाड़, राजस्थान क्षेत्रफल 75.55 वर्ग फीट |
| (खाता सं.) L9001060117241262 बद्री लाल सुमन (ऋणी), शंकरलाल (सह-ऋणी) | 18 फरवरी 2023 ₹ 216674/- रु.दो लाख सोलह हजार छह सौ चौहत्तर मात्र दिनांक 17 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम इटावा खसरा नंबर 1789 इटावा कोटा पिपल्दा, जिला- कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 171.11 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060713344722 सुरेश कुमार चोधरी(ऋणी), प्रकाश चंद चौधरी (सह-ऋणी) श्रीमति कलावंती बाई चौधरी(सह-ऋणी), दिनेश कुमार चौधरी (सह-ऋणी), जमानतदारः पुखराज सुथार | 4 फरवरी 2023 ₹ 268257/- रु.दो लाख अड़सठ हजार दो सौ सत्तावन मात्र दिनांक 3 फरवरी 2023 तक | संपत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगरपालिका सीमा के भीतर गांव सिलेगढ़ पंचायत समिति भवानीमंडी, जिला-झालावाड़, राजस्थान क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट |

स्थान : कोटा दिनांक: 18-03-2023 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

**छीपाबडोद, (निसं)।** स्थानीय ब्लॉक में शिक्षा विभाग की प्रमुख नवाचारी गतिविधियों में शामिल बालिकाओं की शिक्षा, ठहराव एवं नामांकन में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 10 शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के सानिध्य में पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया गया। गतिविधि प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया की वर्तमान में बालिकाओं की शिक्षा में बढोतरी के लिए सरकार पूर्ण प्रयासरत है।

इसी उद्देश्य से समग्र शिक्षा के तहत बालिका शिक्षा ठहराव एवं नामांकन को शत प्रतिशत करने में प्रमुख सहभागिता निभाने वाले ब्लॉक के 10 श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह यहां पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों का तिलक और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।





सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं 1000 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

■ उपस्थित सभी अधिकारियों का तिलक और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया

समारोह में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी तहसीलदार शंभूदयाल मित्तल एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवत किशोर नामदेव, पी ई ई ओ छीपाबडौद विक्रम सिंह हाडा, पीईईओ गगचाना जगदीश प्रसाद नागर एवं अन्य सभी पंचायतों से पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। एसीबीईओ भगवत किशोर नामदेव ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्राचीन कालीन विदुषी महिला गार्गी, मैत्री आदि से प्रेरणा लेकर वर्तमान में हमें बालिका शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा बढावा देने के लिए पूर्ण प्रयास करना चाहिए।

इस कार्यक्रम के श्रेष्ठ शिक्षकों में लक्ष्मण सिंह अध्यापक, धर्मेंद्र चौधरी अध्यापक ,भागचंद लववंशी अध्यापक, संगीता गौतम वरिष्ठ अध्यापक शारीरिक शिक्षक, नरेंद्र कुमार शर्मा अध्यापक, महेंद्र कुमार राणा अध्यापक, भीमराज मीणा उपप्रधानाचार्य गगचाना, दुर्गा शंकर वैष्णव अध्यापक,मोहन लाल मीना अध्यापक एवं मनोहर लाल सुमन शारीरिक शिक्षक इन सभी को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं 1000 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तहसीलदार मित्तल ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पूर्णरूपेण पुरुषों के बराबर कार्य कर रही है आप सभी शिक्षकों एवं अधिकारियों से हमारी अपेक्षा है कि इसी प्रकार से श्रेष्ठ कार्य करते हुए हुए बालिका शिक्षा को आगे बढाते रहें।

